राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 19 मार्च, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राजभवन उत्तराखण्ड के डिजिटल और टेक्नोलॉजी पर आधारित नवाचारों का संकलन ''गवर्नर्स डिजिटल हब'' (Governor's digital hub) और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आध्यात्मिक मार्गदर्शन पर आधारित एआई–संचालित चैटबॉट ''इटरनल गुरु'' (Eternal Guru) ब्रोशर्स भेंट किए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के उत्तराखंड भ्रमण से प्रदेश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन विकास को मिले नए आयाम के लिए भी उनका धन्यवाद किया।

..........0..........